हैरी होउडीनी

दुनिया का सबसे महान जादूगर

हैरी होउडीनी

दुनिया का सबसे महान जादूगर

हैरी होउडीनी दुनिया का सबसे महानतम जादूगर था.
उसके बहुत से करतबों ने जादू और रहस्य के इतिहास में
कई नए कीर्तिमान स्थापित किए.
HOUDINI

हैरी होउडीनी के जन्म का नाम एहरिच वेइस था. उसके माता-पिता सामुएल और सेसिलिया थे. उसका जन्म 24 मार्च 1874 को बुडापेस्ट, हंगरी में हुआ. पर उसके तुरंत बाद उसका परिवार अमेरिका में विस्कॉन्सिन शिफ्ट हुआ. वहां सामुएल, शहर के पहले यहूदी पादरी बने. परिवार ने अपना नाम एहरिच से बदलकर एरिच किया.

परिवार को खाना जुटाना भी मुश्किल हो गया. युवा एरिच और उसके भाई अपने परिवार की हर संभव मदद करते थे.

बारह साल की उम्र में एरिच घर छोड़कर भाग गया. उसने कुछ कमाई करके परिवार की मदद करने की सोची. इस बार उसने एक नायाब बात सोची जो अन्य लड़के कभी नहीं करते.

क्या मैं आपके साथ चल सकता हूँ?

हाँ, हमें एक बूट पोलिश वाले की ज़रुरत है.

फिर एरिच के पिता न्यू-यॉर्क चले गए. वहां उन्होंने एक धार्मिक स्कूल खोला. वो अपने परिवार को वहां नहीं लेकर गए. कुछ कमाने के बाद ही वो परिवार को बुला सकते थे.

यही है न्यू-यॉर्क की ट्रेन?

यही है! सब लोग ट्रेन में चढ़ गए हैं!

एरिच ने सुना कि उसके पिता न्यू-यॉर्क में थे. वो वहां उनसे मिलने गया.

पापा हम सब मिलकर काम करेंगे! और मैं घर में मदद करूंगा!

जल्द ही पूरे परिवार के न्यू-यॉर्क जाने के लिए पैसे इकट्ठे हो गए.

एरिच, मेरे बेटे!

अरे, माँ!

पर वहां भी स्थिति कोई ख़ास अच्छी नहीं थी. पादरी वेइस के लिए परिवार चलाने के लिए कमाई करना कठिन था. एरिच और उसके भाई भरपूर मदद करते थे.

भगवान ज़रूर हमारी मदद करेगा!

पादरी वेइस बहुत ही धार्मिक व्यक्ति थे.

एरिच एक डिपार्टमेंट स्टोर में चपरासी का काम कर रहा था. एक दिन उसे एक नया विचार आया.

उस दिन उसने सारे सिक्के अपने कान, बालों और कोट की बाहों में छिपाए. जब माँ ने दरवाज़ा खोला ....

मुझे हिलाओ. मैं जादुई हूँ!

वाकई में एरिच,
तुम जादुई हो!
फिर छुट्टियों के दिनों में खूब मज़ा आया.

तभी एरिच के छोटे भाई ने उसे सिक्के का एक सरल जादू दिखाया.
अभी दिख रहा है!

पर अब वो गायब है!

उसके बाद एरिच ने जादू की कोई किताब नहीं छोड़ी.
अब सो जाओ, तुम्हें सुबह जल्दी उठना है.
कुछ देर बाद, माँ!

एरिच की कोई नौकरी ज्यादा दिन नहीं टिकी. बहुत से युवक नौकरी की तलाश में थे इसलिए नौकरी मिलना बहुत मुश्किल थी. उसने पढ़ा था कि किसी भी जादूगर को सबसे पहले खुद पर विश्वास होना चाहिए. शायद उसके लिए भी यह ज़रूरी था!
BOY WANTED

इंतज़ार करने के लिए धन्यवाद. लेकिन वो नौकरी अब भर गई!
लड़के की ज़रुरत!
BOY WANTED

जब दूसरे लड़के वहां से चले गए तब एरिच अन्दर गया.
मुझे यह नौकरी चाहिए.
तुम्हें वो नौकरी मिल जाएगी.

हफ्ते के अंत में एरिच, एक अथेलेटिक क्लब में धावकों के साथ दौड़ता था. शायद इसलिए वो सारी जिंदगी अच्छी सेहत में रहा.
बहुत अच्छे, एरिच!

एरिच के पिता धार्मिक कारणों से तम्बाकू और शराब के खिलाफ थे. एरिच का कोच भी शराब आदि के खिलाफ था क्योंकि उनसे शरीर और आत्मा दोनों सुस्त हो जाती थीं.

एरिच ने जादू पर छपी सभी किताबें पढ़ीं. जैसे-जैसे उसकी कुशलता बढ़ी उसने पड़ोस में शो दिखने शुरू किए.

फिर उसने महान फ्रेंच गणितज्ञ की एक किताब पढ़ी.
काश! मैं भी रोबर्ट होउडीन जैसा बन सकता.
MEMOIRS of ROBERT HOUDIN

एक दिन भोजन के समय एक मित्र ने सुझाव दिया.

तुम अपने नाम को "होउडीन" जैसा यानि – "होउडीनी" रखो.

होउडीनी!

इसलिए 17 साल की उम्र में एरिच वेइस ने अपना नाम बदलकर "हैरी होउडीनी" रखा. उसका भाई थीओ उसका पार्टनर था. जब न्यू-यॉर्क के एक थिएटर में नियमित शो रद्द हुआ तो उन्हें पहली बार अपना शो दिखाने के मौका मिला.

सभी देख सकते हैं कि वो कसकर बंधा है.

पहली गलती के बाद, अब हैरी संदूक में बंद होता था.
उसने उस अनुभव से बहुत कुछ सीखा. पर पैसे बहुत कम मिलते थे.
कभी-कभी उन्हें दिन में 20-शो तक दिखाने पड़ते थे.

बड़ी संघर्ष की ज़िन्दगी थी. फिर एक दिन उसने नए ढंग का जादू खोजा.

वो युवा लड़की कौन है?
वो बेस्सी राहनेर है.

पहली नज़र में हैरी को उससे प्रेम हो गया.
मैं तुमपर फ़िदा हूँ.
दोनों ने भागकर शादी की.

फिर हम यहाँ से भागकर शादी करेंगे. बेस्सी का परिवार कैथोलिक था, जबकि हैरी यहूदी था. परिवारों को खुश रखने के लिए दोनों धर्मों के पादरियों ने दंपत्ति को आशीर्वाद दिया.

लगता है मैंने उसी आदमी से तीन बार शादी की है!

जल्द ही भाई की जगह बेस्सी ने ली.
देखो यह चमत्कार!
बेस्सी सिर्फ 94 पौंड की थी. हैरी और बेस्सी की टीम बहुत अच्छी रही. उनका नाम था "द होउडीनीज़"
पर फिर भी थिएटर में नियमित काम मिलना मुश्किल था. इसलिए अगली वसंत में दोनों वेल्श बंधुओं के सर्कस में शामिल हो गए.
देखिए "द होउडीनीज़" का नया शो.
वेतन कम है, पर खाना अच्छा है.
हैरी, हमारी कुशलताएँ हर दिन बेहतर हो रही हैं.

अगली गर्मियों में नोवा स्कोटिआ, कनाडा में, होउडीनी ने हथकड़ियों वाला जादू पहली बार दिखाया.

1897 में होउडीनी दंपत्ति ने पश्चिम का दौरा किया. इस बार वो एक दवाई विक्रेता के साथ थे.

पहले होउडीनीस अपने शो से भीड़ इकट्ठी करते थे. फिर डॉ. हिल आकर अपनी दवाएं बेंचते थे.

उसी समय ऐसे कई जादू के शो होने लगे थे जिनमें जादूगर शो के समय प्रेतात्माओं से बातचीत करते थे.

प्रेतात्मा वाले शो सब बकवास हैं. हमारे शो उनसे कहीं ज्यादा कठिन हैं.

पर डॉ. हिल को प्रेतात्मा वाले शो ज्यादा पसंद थे, क्योंकि वहां पर बड़ी भीड़ जमा होती थी.

इतवार को प्रेतात्मा वाला शो करो. मैं तुम्हें ज्यादा पैसे दूंगा.
किसी जादूगर के लिए वो आसान होगा.

बेक ने होउडीनी को ओर्फयूम थिएटर में 60 डॉलर हफ्ते की नौकरी दी.
यह होउडीनी दम्पत्ति का सबसे ऊंचा वेतन था.

अब देखिए कैसे असंभव, संभव होता है!

फिर होउडीनी ने पांच हथकड़ियों से खुद को छुड़ाया. यह हथकड़ियाँ ओमाहा पुलिस की थीं. शो बेहद हिट हुआ. उसके बाद बेक ने होउडीनी को लम्बी अवधि के लिए रखा.

तभी सैन फ्रांसिस्को के अखबार में खबर छपी कि होउडीनी के पलायन वाली ट्रिक सरासर एक धोखाधड़ी थी. खबर के अनुसार होउडीनी अपने कपड़ों में हथकड़ियों की चाभी छिपाकर रखता था.

हम तुम्हें इस कुर्सी से बाँध देंगे और जेल-कोठरी को बंद करेंगे.

फिर सैन फ्रांसिस्को की यात्रा पर होउडीनी ने पुलिस को चुनौती दी. उन्होंने पक्का किया कि होउडीनी के पास कोई छिपी चाभी न हो.

वो उस समय की सबसे सनसनीखेज खबर थी. होउडीनी की कमाई में उछाल आया. फिर अखबार में खबर छपी कि छिपी चाभियों वाली बात गलत थी.

रात भर में होउडीनी प्रसिद्ध हो गया. अब हरेक शो में होउडीनी ही सबसे महान सितारा होता. वो पूरे देश में पुलिस की कोठरियों और हथकड़ियों से खुदको मुक्त होकर दिखता था.

इस नई सफलता के बाद 30 मई 1900 को होउडीनी ने इंग्लैंड के लिए जहाज़ पकड़ा. यूरोप में थिएटर का चलन बहुत था इसलिए होउडीनी वहां अपनी सफलता के शिखर पर पहुंचा.

वो सबसे पहले स्कॉटलैंड यार्ड गया. वहां के पुलिस अफसरों के लिए उसने अपना पहला शो किया.

यह तो बहुत आसान है! क्या आपके पास इससे कोई मुश्किल काम है?

जब उसने जुलाई में अपना शो, अलहम्ब्रा थिएटर, लन्दन में दिखाया, तो वो सुपर-हिट हुआ. उन्होंने होउडीनी को अगस्त तक वहीं रखा.

क्या कोई चुनौती देने वाला है?

होउडीनी, लोगों को अपने साथ कोई भी हथकड़ी लाने का निमंत्रण देता. वो हर हथकड़ी से खुदको मुक्त करके दिखाता था.

कोई भी होउडीनी को मात नहीं दे पाया.

मैंने हार मानी. मुझे जाने दें!

हथकड़ियों का महान सम्राट!

होउडीनी!

हॉलैंड की पवनचक्कियां देखकर होउडीनी के दिमाग में नया आईडिया आया. उसे पवनचक्की के एक पंख से बाँधा गया.

पवनचक्की का पंख टूट गया और होउडीनी ज़मीन पर जाकर गिरा.

भाग्यवश होउडीनी को चोट नहीं लगी. पर इस स्टंट के बाद उसके शो में कई हफ़्तों तक बेशुमार भीड़ रही.

होउडीनी, रूस भी गया जहाँ उसे राजमहल में ग्रैंड डियूक के सामने एक निजी शो पेश करना पड़ा.

फिर जब वो इंग्लैंड वापिस लौटा तो उसके शो के टिकट खरीदने के लिए दंगे होने लगे. इतिहास में वो वुडरविल्ले थिएटर का सबसे महान स्टार बना!

5 जनवरी 1906 को जब वो वाशिंगटन डी.सी. पहुंचा तो सभी राष्ट्रीय अखबारों में यह खबर छपी.

होउडीनी के लगभग सभी कपड़े उतारे गए. तलाशी के बाद उसे हथकड़ियाँ पहनाई गईं. फिर उसे जेल की उस कोठरी में बंद किया गया जिसमें राष्ट्रपति गारफील्ड के हत्यारे को बंद किया गया था.

इस तरह के पब्लिसिटी स्टंट्स से होउडीनी को हर जगह सफलता मिली.

वो हथकड़ियाँ पहनकर नदी में कूदता, और हजारों की भीड़ उसे देखती थी.

अपने सबसे कठिन शो में होउडीनी पानी से भरे एक बंद संदूक में से बाहर निकला!

होउडीनी जितनी देर कोई भी अपनी सांस रोककर नहीं रख सकता था.

होउडीनी दुनिया भर घूमा. 1910 वो ऑस्ट्रेलिया पर उड़ा. उस महाद्वीप पर उड़ने वाला वो पहला शख्स था.
परिवार बहुत गरीब है और कब्र की देखरेख नहीं कर सकता. मैं उनको देखभाल के लिए पैसा दूंगा.

साल भर पहले ही उसने हवाई जहाज़ उडाना सीखा था. पर ऑस्ट्रेलिया के बाद उसने कभी भी हवाई जहाज़ नहीं उड़ाया.
वो जहाँ भी जाता वहां वो महान जादूगरों की मज़ार पर ज़रूर जाता.
HERE ALSO RESTS THE ABOVE
JOHN ANDERSON
WIZARD OF THE NORTH
AGED 60

होउडीनी ने उस फिल्म का खूब प्रचार किया. वो एक क्रेन से लटकता था और फिर वहां से पलायन करता था.

होउडीनी कुछ भी कर सकता है.

क्या उसमें कोई दैवीय शक्ति है?

1924 में होउडीनी ने "दैवीय शक्ति" वाले गुरुओं के खिलाफ मुहिम शुरू किया. उसने पूरे अमरीका का दौरा करके प्रेतात्माओं से संपर्क करने वालों का पर्दाफाश किया.

न्यू-यॉर्क हिप्पोड्रोम में होउडीनी की नई ट्रिक से सब अचरज में रह गए.

देवियों और सज्जनों अब मैं पर्दा बंद करूंगा!

उन्नीस हफ़्तों तक होउडीनी के पिस्तौल दागने पर हाथी कहीं गायब हो जाता था.

फिर, असंभव, संभव होता दिख रहा था.

लोगों के लगा कि वो चमत्कारी जादूगर, मौत तक को चकमा दे सकता था. पर 1926 में हेलोईन वाले दिन आंत फटने से होउडीनी का देहांत हो गया.

सारी दुनिया ने उस महान जादूगर की मृत्यु का शोक मनाया. अपने जादू से उसने लोगों का मनोरंजन किया था. पर मृत्यु के बाद होउडीनी के जादू की शोहरत लगातार फैलती और बढ़ती ही रही.

अंत

The END